हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 सितंबर 2025





तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में छर्राटांगर के एकलव्य का जलवा



## खबर संक्षेप



### जागेश सिदार बने संघ के नए अध्यक्ष

**रायगढ़।** रायगढ़ विश्रामगृह में संघ की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिलेभर से पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से जगेशर को संघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि राम श्याम डनसेना को उपाध्यक्ष और मनोज अग्रवाल को संरक्षक नियुक्त किया गया। नवगठित कार्यकारिणी को सदस्यों ने बधाई दी और संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा देने की उम्मीद जताई। बैठक में संगठन की एकजुटता, पंचायत स्तर पर जनहित कार्यों को गति देने और आपसी समन्वय को मजबूत करने पर भी विचार.विमर्श किया गया। कार्यकारिणी के पदाधिकारी मनोनीत होने के बाद सभी जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला भाजपा कार्यालय गए और जिला भाजपा अध्यक्ष अरूण धरदीवान, जिला महामंत्री जतिन साव एवं विकास केडिया से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया।

### जिले में 1188.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 10 सितम्बर तक 1188.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1354 मिली मीटर, पुसौर में 1265.1, खरसिया में 1078.7, घरघोड़ा में 1212.1, तमनार में 938.4, लैलूंगा में 1031.7 मुकडेगा में 1428.1, धरमजयगढ़ में 971.3, छाल में 1093.9 एवं कापू में 1512.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जीएसटी कटौती संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला कलेक्टोरेट के सृजन कक्ष में कोषालय एवं जीएसटी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जीएसटी कटौती संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जीएसटी से संबंधित नियमोंए कटौतियों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ अधिकारियों ने बिल तैयार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों, नियमों के अनुपालन तथा समय पर जीएसटी कटौती नहीं होने पर लगने वाली पेनाल्टी के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जीएसटी नियमों की सही जानकारी और समय पर अनुपालन से शासन.प्रशासन की वित्तीय व्यवस्था मजबूत होती है तथा पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होते हैं।

### वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत 7 लोगों की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप एसडीएम रायगढ़ द्वारा मृतक के नजदीकी वारिसानों को 25-25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें गेजामुड़ा रायगढ़ के यशवंत यादव, समीर गुप्ता एवं सुनीता गुप्ताए चारभाठा रायगढ़ के उमेन्द्र पटेल, आशीष पटेल, गोतमा पुसौर के दयासागर भोय एवं लोहर सिंह पुसौर के विपिन प्रधान की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हुई थी।

### चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चरित्र शंका पर पत्नी की चाकूनुमा हथियार से हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिय है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत शरदा मंगल के पीछे की है। पुलिस के अनुसार बलौदाबाजार भाठापारा निवासी जगदीश देवांगन शारदा मंगलम के पीछे रहता है। वह अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा करते हुए धारदार चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया। इसके बाद चाकू से अपने नस को काटकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया।

## यह कैसा सिस्टम : एनआरसी में लटके ताले, गंभीर कुपोषित बच्चों का भगवान ही मालिक

# कर्मचारी हड़ताल पर, अति कुपोषित बच्चों के पेट खाली..!

जितेन्द्र मेहर ⏭ रायगढ़



अलग खबर

24 दिनों से एनएचएम के कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे शहर के एमसीएच (मातृ शिशु अस्पताल) सहित जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों (एनआरसी) में ताले लटके हुए हैं। जिससे गंभीर व अति कुपोषित बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलना तो दूर उनके पेट खाली पड़े हैं। हड़ताली कर्मचारियों के सामने सिस्टम भी लाचार नजर आ रहा है। जिससे ऐसे बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

दरअसल पोषण पुनर्वास केन्द्रों में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को भर्ती करके चिकित्सा देखभाल, पोषण संबंधी सहायता, निशुल्क भोजन दिया जाता है। इसके अलावा बच्चों के साथ आने वाली उनकी माताओं को भी पौष्टिक भोजन और दैनिक वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। इन केंद्रों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा दिया जाता है और उन्हें वापस स्वस्थ और सुपोषण की स्थिति में लाया जाता है, लेकिन बीते 24 दिनों से ऐसे बच्चों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। 18 अगस्त से एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर हैं, तब से शहर के एमसीएस सहित जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में ताले लटके हुए हैं।

जिससे कुपोषित बच्चों को पौष्टिक भोजन और दवाई दोनों नहीं मिल पा रहा है। सरकार और एनएचएम कर्मचारियों की लड़ाई का खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। 24 दिन बाद भी सरकार इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है और न ही एनएचएम कर्मचारियों के स्थान पर कोई दूसरा विकल्प ढूंढा गया है। जिससे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था तो बुरी तरह चरमरा ही गई है, साथ ही मासूमों पर भी जुल्म ढाया जा रहा है।

### आनन-फानन में बच्चों को कर दिया गया डिस्चार्ज

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनआरसी में आने वाले बच्चों और उनकी माताओं को 15 दिन तक सेंटर में रखना अनिवार्य है। इन दिनों में उन्हें पूरा पोषण देने के बाद ही छुट्टी दी जाती है, लेकिन एनएचएम कर्मचारियों ने 18 अगस्त को जब अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज किया तब आनन-फानन में सेंटरों में भर्ती कुपोषित बच्चों को बीच में ही डिस्चार्ज कर दिया गया। जिससे उक्त बच्चों को पूरी तरह पोषण नहीं मिल पाया है और यह सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा है।

### इसलिए बच्चों को एनआरसी में करते हैं भर्ती

गंभीर कुपोषित बच्चों को इसलिए एनआरसी में भर्ती किया जाता है, क्योंकि यहां उन्हें पोषण आहार देने का एक फिक्स मापदंड रहता है। यहां की कुक बच्चों के वजन, उनके डाइट के हिसाब से खाना बनाती है। किन बच्चों को कितना ग्राम प्रोटिन, कितना कार्बोहाइड्रेड, कितना ग्राम फेट देना है, सबका डाइट चार्ट बना रहता है। वजन के हिसाब से ही बच्चों का दवाई फिक्स रहता है। एनआरसी में 1 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों को भर्ती किया जाता है।

### मितानिन भी हड़ताल पर, बच्चे कैसे पहुंचेंगे केन्द्र

गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चों की पहचान आंगनबाड़ी केन्द्रों से होती है। ऐसे बच्चों को एनआरसी तक लाने का काम महिला बाल विकास विभाग की ओर से मितानिनों का रहता है, लेकिन मितानिन भी अपनी मांगों को लेकर 7 अगस्त से हड़ताल पर हैं। वहीं मितानिनों के नहीं रहने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी ऐसे बच्चों को एनआरसी तक पहुंचा सकती हैं, लेकिन कुछ आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब एनआरसी ही बंद हैं तो वो बच्चों को कहां लेकर जाएं, जबकि बच्चों को चाइल्ड वार्ड में भी रखकर उन्हें पोषण और दवाई दी जा सकती है।

### ऐसे बच्चों के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं : प्रभारी


इस संबंध में एमसीएच के प्रभारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में एनआरसी में एक भी बच्चे नहीं है, क्योंकि एनआरसी के सारे स्टाफ हड़ताल में है। एनआरसी तो एनएचएम चलाता है, एनआरसी में खाना बनाने वाली कुक, स्वीपर, एनआरसी की सिस्टर्स सब एनएचएम के हैं, जोकि हड़ताल पर हैं। हम ये नहीं कह रहे हैं कि एनआरसी बंद है और हम गंभीर कुपोषित बच्चों को एडमिट नहीं करेंगे, हम बच्चों को चाइल्ड वार्ड में रखेंगे। खाना हम सेंट्रल की तरफ से भी दे सकते हैं और दवाई चाइल्ड वार्ड के स्टाफ भी दे सकते हैं, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।

### जिले के सभी ब्लॉक में हैं एनआरसी

जिले के लगभग सभी ब्लॉकों में 10 बेड के एनआरसी हैं। शहर में सिर्फ एक ही सेंटर एमसीएच में है। इसके अलावा कापू, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, तमनार, विजयनगर, पुसौर सहित अन्य इलाकों में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र स्थित हैं, लेकिन वर्तमान में सभी केन्द्रों में ताले लटके हुए हैं।

## प्राकृतिक नाले पर कब्जा, सड़क निर्माण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर में विकास कार्यों के बीच अतिक्रमण एक बार फिर बड़ी बाधा बनकर सामने आया है। वार्ड क्रमांक 34 और 41 की सीमा से गुजरने वाला प्राकृतिक नाला अब बिल्डरों के कब्जे की चपेट में है। मोहल्लेवासियों ने मामले की शिकायत रायगढ़ एसडीएम से की है, जिस उन्हें जांच कर कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

दरअसल बुधवार को वार्ड क्रमांक 34 व 41 के दर्जनों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना था कि संतोषी मंदिर से बालाजी राइस मिल के पीछे होते हुए गांधी नगर और ओडिशा रोड तक फैला यह नाला वर्षों से बहता आ रहा है। नगर निगम द्वारा इरानी मोहल्ला से सारंगढ़ मुख्य मार्ग तक सड़क बनाने की योजना तैयार है, लेकिन नाले के दोनों किनारों पर किए गए अवैध निर्माण कार्य से रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। इससे न केवल सड़क निर्माण प्रभावित होगा, बल्कि आने वाले दिनों में जलभराव और गंदगी की समस्या भी गहराने की आशंका है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि नाले का तत्काल सीमांकन कर कब्जा मुक्त कराया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह नाला पूरी तरह से गायब हो सकता है और भविष्य में गंभीर जल संकट एवं बाढ़ जैसी समस्या खड़ी हो सकती है। इस मामले में रायगढ़ एसडीएम महेश शर्मा ने जांच टीम गठित करने और नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है।

## स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार के मकान से लाखों के जेवरात पार

**चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का मामला, अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सलाहकार के घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए करीब 6 लाख के जेवरात को पार कर दिया है। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

दरअसल रायगढ़ निवासी दिव्य किशोर गुप्ता (46) बलरामपुर स्वास्थ्य विभाग में सलाहकार के पद पर पदस्थ हैं। उनकी पत्नी अनिता गुप्ता शिक्षिका हैं। उनका पैतृक निवास लोईंग में है, जहां वे शनिवार या रविवार को आते-जाते रहते हैं। गांव में उनका भाई प्रमथेश गुप्ता अपने परिवार के साथ रह रहा था। 2 सितंबर को प्रमथेश इलाज के लिए भुवनेश्वर गया था और उसकी पत्नी मायके पुसौर गई थी। 6 सितंबर की दोपहर में दिव्य किशोर गुप्ता की मां मंजूश्री गुप्ता और बहन प्रियंमबदा गुप्ता लोईंग में अष्टपहरी का चंदा देने गई थीं। इस दौरान मंजूश्री गुप्ता ने लाखों के सोने-चांदी के जेवर अलमारी में रखकर रायगढ़ लौट गई थीं। 9 सितंबर को दिव्य किशोर गुप्ता और उनकी मां जब पैतृक निवास पहुंचे तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। सभी अलमारियां खुली पड़ी थीं और लॉकर टूटा हुआ था। जांच करने पर अलमारी से करीब 6 तोला सोना और 100 ग्राम चांदी, कुल मिलाकर लगभग करीब 6 लाख रुपए के जेवरात गायब थे। पीड़ित दिव्य किशोर गुप्ता ने तत्काल चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हड़तालियों ने केलो में उतरकर किया जल सत्याग्रह, 24 दिन से जारी है आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनएचएम के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 24 दिनों से हड़ताल पर हैं। सोमवार को आंदोलन के 24वें दिन रायगढ़ जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने केलो नदी में उतरकर जल सत्याग्रह किया। कर्मचारियों ने तिरंगा झंडा और तख्तियां हाथों में लेकर सरकार से सद्बुद्धि की प्रार्थना की और नारे लगाए। रघुपति राघव राजा राम सरकार को सद्बुद्धि दे भगवान और ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सरकार को सन्मति दे भगवान। जैसे नारे लगाए गए।

**खास बात**
- 20 माह में 170 से अधिक बार दे चुके हैं ज्ञापन

एनएचएम कर्मचारी बीते 20 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं, लेकिन आज भी नियमितिकरण और मूलभूत अधिकारों से वंचित हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कोविड-19 जैसे संकट में अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करने वाले स्वास्थ्य योद्धा अब खुद अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार केवल आश्वासन नीति चला रही है। पिछले 20 महीनों में 170 से अधिक ज्ञापन दिए गए, मंच से नेताओं ने बार-बार वादे किए, चुनावी घोषणा पत्रों में गारंटी दी गई लेकिन अब तक लिखित आदेश जारी नहीं हुआ। कर्मचारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और वन मंत्री केदार कश्यप जैसे नेताओं के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि सभी वादे अब हवा-हवाई साबित हो रहे हैं।

## जुनवानी में हाथियों का उत्पात 19 किसानों की फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**वन विभाग नुकसानी का कर रहा आंकलन**



जुनवानी में हाथियों के दल ने एक बार फिर किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। देर रात जंगल से निकलकर हाथी गांव के करीब पहुंचे और खेतों में जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों और वनकर्मियों ने उन्हें भगाने की कोशिश की, लेकिन देर रात तक हाथी फसलों को नुकसान पहुंचाते रहे।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन परिक्षेत्र के जुनवानी सर्किल में 16 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। ये हाथी रात में खाने की तलाश में गांव के पास पहुंच गए और किसानों के खेतों में घुसकर धान की फसल को पैरों से रौंद दिया। इसके साथ ही केला फसल, फेंसिंग पोल, झोपड़ी और लकड़ी के दरवाजे को भी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की और वन विभाग को सूचना दी। इसके बावजूद हाथी देर रात तक खेतों में डटे रहे और सुबह होने से पहले ही जंगल की ओर लौटे। हालांकि वन विभाग द्वारा नुकसानी का आंकलन किया जा रहा है।

### इनकी फसलों को पहुंचाया नुकसान

हाथियों ने कुल 19 किसानों की फसल और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। प्रभावित किसानों में गुरबारू मालाकार, हीरालाल मालाकार, गोलबदन मालाकार, देवनाथ मालाकार, साखीराम मालाकार, मुरलीधर मालाकार, जहरीराम टोप्पो, अश्वनी मालाकार, नीलांबर मालाकार, रूपचंद मालाकार, रमेश यादव, मोहन मालाकार, मिनकेतन मालाकार, तिलक राम मालाकार, रामप्रसाद डनसेना, माधव प्रसाद मालाकार, केशव प्रसाद मालाकार, सुकवारो उरांव और नारायण मालाकार शामिल हैं।

**जीएसटी 2.0 को लेकर क्रेडा अध्यक्ष ने ली प्रेसवार्ता**

## नवरात्र के पहले दिन से जनता को जीएसटी में राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



देशभर में लागू होने जा रहे जीएसटी 2.0 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की नई व्यवस्था में आम जनता और मध्यम वर्गीय परिवारों को काफ़ी राहत दी है। जीएसटी में कमी की राहत नवरात्र के पहले दिन से मिलेगी।

सवन्नी ने यह भी बताया कि सरकार ने लंबे समय से महंगे टैक्स के बोझ को कम करने की दिशा में कदम उठाए हैं जिसे देश की अर्थ व्यवस्था मे काफ़ी सुधार आएगा अब दैनिक उपयोग की वस्तुओं और आवश्यक सामान पर 12 से 18 प्रतिशत की दर को घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, खाद्य पदार्थ और डेयरी उत्पादों पर टैक्स 5-12 प्रतिशत से घटाकर 0-5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे रोजमर्रा की जरूरत की चीजें और सस्ती होंगी। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को भी जीएसटी 2.0 से बड़ा लाभ मिला है। चिकित्सा उपकरण और दवाइयों पर पहले जहां 12 प्रतिशत टैक्स लगता था, अब उसे घटाकर 0 से 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी लागू नहीं होगी, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। कृषि क्षेत्र और छोटे व्यापारियों को भी इसका फायदा मिलेगा। इलेक्ट्रिकल छोटे वाहन और कृषि उपकरणों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है। हालांकि, स्वास्थ्य और जरूरी वस्तुओं पर राहत देने के साथ ही सरकार ने नशे से जुड़ी वस्तुओं पर सख्ती दिखाते हुए तंबाकू और पान मसाला जैसे उत्पादों पर टैक्स 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। यह नया जीएसटी 22 सितंबर से लागू होगा और इसे पूरे देश के लिए दिवाली का तोहफ बताया जा रहा है। भाजपा नेताओं का दावा है कि जीएसटी 2.0 से न केवल उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

## 503 केजी से अधिक गांजा जलाकर किया गया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़


छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला रायगढ़ में जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति गठित कर जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सदस्यों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्तोफर खलखो की उपस्थिति में बुधवार को रायगढ़ जिले के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के 25 प्रकरणों में 2 नग गांजा पौधे समेत जप्त गांजा कुल 503.531 किलोग्राम का नष्टीकरण किया गया।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

## लाइफ Style



# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवार्ड्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

## क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

## पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नही है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन :*** *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा :*** *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी :*** *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट :*** *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर :*** *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*







***रणवीर सिंह :*** *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण :*** *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा :*** *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ :*** *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान :*** *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप



### सांसद ने उपराष्ट्रपति के लिए किया मतदान

**रायगढ़।** संसदीय क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया ने उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण होता है।

### आपदा प्रबंधन पर हुआ मॉक ड्रिल

**रायगढ़।** नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार नगर सेना कैंप रायगढ़ में पंजीकृत सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए एक दिवसीय जन जागृति प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी बी. कुजूर ने बताया कि मुख्यालय से आए टीओटी प्रशिक्षित अधिनायकों ने वॉलंटियर्स को नागरिक सुरक्षा, हवाई हमले के समय की भूमिका, प्रथमोपचार, आपातकालीन स्थिति में राहत कार्य, होमगार्ड की जिम्मेदारी और सिविल डिफेंस के अंतर्गत आने वाली 12 सेवाओं की जानकारी दी। फायर सर्विस और फायर फाइटिंग के महत्व पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान फायर ट्राएंगल, अग्नि के प्रकार, फायर एक्सटिंग्युइशर के सही उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल कर वॉलंटियर्स को आग बुझाने की विभिन्न विधियों का भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में 120 महिला और पुरुष सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का उत्सव



**कोसीर।** शिक्षक समाज को नई दिशा देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। वे न केवल बच्चों को ज्ञान देते हैं बल्कि उनके भविष्य को गढ़कर समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। इसी भावना के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर में मंगलवार को शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर शिक्षकों का आशीर्वाद लिया और उन्हें पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस परिवार सारंगढ़ के प्रमुख जितेंद्र कुमार सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने सभी शिक्षकों का अभिवादन किया और अभिनंदन पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एस.पी. भारती, व्याख्याता नवधा कोशले, राजकुमार जांगड़े, विजय प्रसाद महिलाने, ए.पी. जांगड़े, श्रीमती बसंती भगत, अरुण कुमार रात्रे, श्रीमती मधु महोबिया, गंगाधर बैरागी, श्रीमती प्रियंका तिग्गा और मुख्य लिपिक श्रीमती सुमित्रा सुमन सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

### प्रयास में प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, बलरामपुर और बिलासपुर में कक्षा 9वीं सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए चतुर्थ प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग का आयोजन 12 और 13 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू (उरकुरा मार्ग, वीआईपी सिटी कालोनी के सामने, रायपुर) में होगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने बताया कि चयनित विद्यार्थी अपने पालकों के साथ निर्धारित तिथि पर काउंसलिंग स्थल पर एक घंटे पहले पहुँचें। साथ ही प्रवेश पत्र, निवास व जाति प्रमाण पत्र, 8वीं की अंकसूची, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड से जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, सिकलसेल जाँच प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज फोटो तथा आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं सत्यापित प्रतियां लेकर उपस्थित हों।

**चौथी लाइन के विस्तार से रेलयात्रियों की बढ गई परेशानी**

# कायाकल्प बनाम मुसीबत, कई ट्रेनें रद्द तो कई चल रही लेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ रेलवे स्टेशन से गुजरने वाले यात्रियों को इन दिनों काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर रेल लाइन मरम्मत का काम चल रहा है, जिसकी वजह से कई ट्रेनों का संचालन बाधित है। 31 अगस्त से जारी यह कार्य लगातार यात्रियों की मुश्किलें का कारण बना हुआ है। आलम यह है कि कुछ गाड़ियां कैंसिल कर दी गई हैं, तो कुछ अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से पहुंच रही हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया चौथी लाइन का काम झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच रेल लाइन का किया जा रहा है। इस सेक्शन में काम के चलते ट्रेनों की आवाजाही सामान्य नहीं हो पा रही है। खासकर रायगढ़ स्टेशन पर रोज़ाना सफर करने वाले लोकल यात्रियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इन ट्रेनों पर पड रहा मरम्मत का असर

रेलवे लाइन के मरम्मत के चलते रायगढ़ से कई ट्रेन कैंसल कार दी गई है। जैसे बिलासपुर लोकल ट्रेन ,इतवारी–टाटा एक्सप्रेस,साउथ बिहार एक्सप्रेस दोनों तरफ से रद्द कर दी गई हैं। तो वही अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग छह घंटे लेट चल रही है, जिससे यात्रियों को अपनी मंज़लि तक पहुंचने में कठिनाइयां हो रही हैं। वहीं रायगढ़ की प्रमुख ट्रेनें जनशताब्दी और गोंडवाना एक्सप्रेस कूछ दीनो से बिलासपुर से शुरू की जा रही हैं। इससे रायगढ़ से सीधे इन ट्रेनों में यात्रा करने वालों को पहले बिलासपुर तक पहुंचना पड़ रहा है, जो अतिरिक्त समय बढ़ा रहा है ओर लोकल यात्रियों के लिए परेशानी की वजह बन गया है।

### तय डेडलाइन तक पूरा नहीं होगा कार्य

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर 2 की लाइन मरम्मत कार्य जो की 31 अगस्त से बदस्तूर जारी है उसकी डेडलाइन 15 सितंबर तय की गई है। अधिकारी कहते हैं कि निर्धारित डेडलाइन तक कार्य पूर्ण होगा। मगर कार्य की गति को देख फिलहाल ये उम्मीद नहीं है कि तय अवधि तक कार्य पूरा हो पाएगा। हालांकि संभावना ये जताई जा रही है कि 16 सितंबर से जनशताब्दी और गोंडवाना एक्सप्रेस को दोबारा रायगढ़ से ही प्रारंभ कर दी जाए। वहीं 17 सितंबर से अन्य सभी ट्रेने सामान्य हो सकती हैं।

### परेशान हैं मुसाफिर, वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं

रेलयात्री फ़रिज अंसारी ने बताया की रेलवे ने बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए अचानक ट्रेनें कैंसिल कर दीं। इससे रोजाना कामकाज, पढ़ाई या अन्य जरूरी कामों के लिए यात्रा करने वालों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खासकर विद्यार्थी और नौकरीपेशा लोग इस काम से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यात्रियों की शिकायत है कि उन्हें सही समय पर ट्रेन कैंसिलेशन और देरी की जानकारी नहीं मिल पा रही है। अक्सर यात्रीयो को स्टेशन पहुंचकर पता लगा हैं कि उनकी ट्रेन आज रद्द है या घंटों लेट। इससे लोग परेशान होकर या तो बसों का सहारा ले रहे हैं या अपनी यात्रा टाल रहे हैं। झारसुगुड़ा से बिलासपुर तक चल रहे इस कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों को बेहतर ट्रैक और यात्रा का लाभ मिलेगा, लेकिन तब तक परेशानी झेलना उनकी मजबूरी बनी हुई है।



# युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन स्कूलों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में किए गए युक्तियुक्तकरण की पहल शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती दे रही है। इस प्रक्रिया के तहत दूरस्थ और आदिवासी इलाकों के कई विद्यालयों को शिक्षक मिलने से पठन-पाठन अब सुचारू रूप से चल रहा है और छात्रों को सीधा लाभ मिल रहा है।

धरमजयगढ़ ब्लॉक के सुदूर ग्राम कुम्हीचुंआ प्राथमिक शाला में लंबे समय से शिक्षकों की कमी थी, लेकिन अब यहां 4 नए शिक्षक पदस्थ हुए हैं। इससे कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई फिर से पटरी पर लौटी है और बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। इसी तरह तमनार ब्लॉक के प्राथमिक शाला गुडगुड़ में भी युक्तियुक्तकरण के तहत नई शिक्षिका की पदस्थापना की गई है। यहां 37 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जो पहले एकल शिक्षक के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हो रहे थे। अब सभी कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई में निखार और पालकों में संतोष देखने को मिल रहा है। गांव के पालक रामुदास महंत और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेंद्र दास महंत ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम बताया और शासन के प्रयास की सराहना की।

# सरिता जायसवाल को मिला छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड



**कोसीर।** रायपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सरिता जायसवाल को छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजधानी के वृंदावन सभागृह में वक्ता मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के 11 जिलों की 125 प्रतिभाशाली महिलाओं को यह सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सुमेधा श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पी.के. तिवारी एवं राजकुमार धर द्विवेदी थे। आयोजन का संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने किया। आसनींद गांव की बेटी सरिता जायसवाल पिछले 8-9 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने बी.ए. की शिक्षा प्राप्त की है और वे नारी सशक्तिकरण, ग्रामीण अंचलों में सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक गतिविधियों में विशेष योगदान देती रही हैं। उनके कार्यों के चलते उन्हें समाज में एक मजबूत महिला नेतृत्व के रूप में देखा जाता है।

### महिला समिति और समाजसेवी ने ट्रैफिक सुरक्षा गार्डों का किया सम्मान

**चन्द्रपुर।** अग्रवाल महिला समिति और समाजसेवी गौरी गुप्ता ने संयुक्त रूप से ट्रैफिक सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के समर्पण और योगदान को पहचानना और उनकी सराहना करना था। समारोह में कर्मचारियों को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस पहल से न केवल कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ा बल्कि संगठन में सकारात्मक वातावरण को भी बढ़ावा मिला। गौरी गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई और कर्मचारियों के कार्य को प्रेरणा का स्त्रोत बताया। अग्रवाल महिला समिति ने भी सक्रिय सहयोग कर इस सम्मान समारोह को सार्थक बनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों को और अधिक उत्साह से काम करने के लिए प्रेरित करते हैं।



# जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में छर्राटांगर के एकलव्य का जलवा

**घरघोड़ा।** ईएमआरएस धरमजयगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के 78 प्रतिभागियों में से 45 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्रीय स्तर के लिए चयन सुनिश्चित किया।

■ 45 विद्यार्थी क्षेत्रीय स्तर हेतु चयनित

विद्यार्थियों ने समूह गीत, जनजातीय नृत्य, पेंटिंग, वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन, काव्यपाठ, शास्त्रीय नृत्य, दृश्य कला और खिलौना निर्माण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता दिखाई। जिले के चारों ईएमआरएस विद्यालयों में छर्राटांगर का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। अब चयनित विद्यार्थी आगामी 29 अगस्त को कोरबा जिले के ईएमआरएस छुरी में होने वाली क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएँगे। विद्यालय के प्राचार्य मनीराम जांगड़े ने इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। वहीं सांस्कृतिक समिति प्रभारी व संगीत शिक्षिका कल्पना शुक्ला ने कहा कि यह सफलता बच्चों की मेहनत और सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



**प्रमुख उपलब्धियां**

| | |
|---|---|
| जूनियर जनजातीय नृत्य – | प्राची एवं समूह प्रथम। |
| जनजातीय पेंटिंग – | साक्षी सिदार प्रथम। |
| अंग्रेज़ी व हिंदी वाद-विवाद – | प्रथम। |
| शास्त्रीय नृत्य एकल – | काव्या राठिया प्रथम। |
| देशभक्ति व भक्ति समूह गीत – | लिना, मोलिका, देवयानी एवं समूह प्रथम। |

# एकलव्य गुरुकुल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**चन्द्रपुर।** महानदी के तट पर स्थित माँ चन्द्रहसिनी की पावन धरा में संचालित एकलव्य गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस बच्चों द्वारा बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। बच्चों ने अपने शिक्षकों को फूल और तिलक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर श्री संतोष देवांगन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हेमंत कुमार देवांगन, विद्यालय के प्राचार्य राजयोग मानिकपुरी गिरधर पटेल, और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर हेमंत कुमार देवांगन ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि शिक्षक वह दीपक हैं जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को रोशन करते हैं। गुरु ही विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा का दीपक जलाते हैं।

# एनटीपीसी लारा ने सीएसआर पहल के तहत विद्यार्थियों को जूते वितरित किए

**रायगढ़।** सामुदायिक विकास के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत, एनटीपीसी लारा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत विद्यार्थियों को जूते वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक श्री अनिल कुमार की मुख्य आतिथ्य में 9 सितंबर 2025 को कंदागढ़ मिडिल स्कूल में ग्राम सरपंच, स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और एनटीपीसी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कंदागढ़, बोडाझरिया और झिलगिटार जैसे आस-पास के गाँवों के प्राथमिक और मिडिल इंग्लिश स्कूलों के छात्रों के बीच कुल 160 जोड़ी जूते वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य वंचित बच्चों को बुनियादी ज़रूरतें प्रदान करके उनका समर्थन करना है, जिससे नियमित स्कूल उपस्थिति को प्रोत्साहित किया जा सके और समग्र स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इस अवसर पर बोलते हुए, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी लारा) श्री अनिल कुमार ने बच्चों के समग्र विकास पर एनटीपीसी के फोकस और अपने आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की पहल न केवल छात्रों को लाभान्वित करती है बल्कि एनटीपीसी और समुदाय के बीच के बंधन को भी मजबूत करती है। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस विचारशील पहल के लिए एनटीपीसी लारा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जो बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी लारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्रों में कई सीएसआर पहल कर रहा है, जिससे क्षेत्र के सतत और समावेशी विकास में योगदान मिल रहा है।



# देवगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल में साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**तमनार।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवगढ़ में साक्षरता सप्ताह एवं छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, भाषण, रंगोली, मूर्ति कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को उजागर किया।



■ रजत जयंती वर्ष पर विद्यार्थियों ने दिए शानदार प्रदर्शन

कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच अहिल्या सिदार और उप सरपंच अनीता बेहरा के आतिथ्य में दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना से हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों को अपनी प्रस्तुतियों के जरिए रेखांकित किया। शिक्षकों ने शिक्षा को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि साक्षर समाज ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रताप बेहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास के सभी संसाधन उपलब्ध हैं, ज़रूरत है तो केवल शिक्षा के प्रसार की, जिससे प्रदेश देशभर में अग्रणी बन सके। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष शोभा बेहरा, प्राथमिक समिति अध्यक्ष लवकुश राठिया, पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और पुस्तक वाचन भी कराया गया।

**कृषि वैज्ञानिकों ने किया खेतों का दौरा**

# धान पर कीटों का कहर, वैज्ञानिकों ने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में धान की फसल पर इस सीजन कई तरह के कीटों का हमला देखा जा रहा है। जिससे किसान चिंतित हैं। किसानों की मदद के लिए कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ की टीम ने वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. राजपूत के मार्गदर्शन में खेतों का दौरा किया। वैज्ञानिक डॉ. के.के. पैकरा और डॉ. के.एल. पटेल ने गांव-गांव जाकर धान की फसल का निरीक्षण किया और किसानों को कीट पहचान व प्रबंधन की जानकारी दी।

वैज्ञानिकों ने बताया कि इस बार तना छेदक, भूरा माहों, गंधी कीट और पेनिकल माइट जैसे कीटों का प्रकोप अधिक देखा जा रहा है। ये कीट धान की पैदावार को 20 से 40 प्रतिशत तक घटा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि किसान नियमित रूप से खेत का निरीक्षण करें और जैसे ही कीटों के लक्षण दिखें, तुरंत समन्वित प्रबंधन अपनाएं। समय पर कीटनाशक का छिड़काव करने से नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। इस मौके पर किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र टीम का धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के मार्गदर्शन से उन्हें समय पर सही जानकारी मिलती है और फसल को बचाने में मदद मिलती है।



### कीटों की पहचान और समाधान

**तना छेदक :**
यह कीट पौधों के तनों को सुखा देता है और बाली को काट देता है।
उपाय – खेत में फेरोमोन ट्रेप लगाएँ, सूखी पौधियों की निगरानी रखें और जरूरत पड़ने पर फिपरोनिल या क्लोरेंट्रेनिलीप्रोल आधारित दवा का प्रयोग करें।

**भूरा माहों :**
यह पौधों की पत्तियों और बालियों का रस चूसकर फसल को जला देता है।
उपाय – खाद का संतुलित उपयोग करें और प्रकोप बढ़ने पर इमिडाक्लोप्रिड या ब्यूप्रोफेजिन का शाम को छिड़काव करें।

**गंधी कीट :**
यह दानों को खोखला कर देता है और खेत से बदबू निकलने लगती है।
उपाय – खेत में प्रकाश प्रपंच लगाएँ और प्रकोप होने पर कार्बोरिल चूर्ण का छिड़काव करें।

**पेनिकल माइट :**
यह नग्न आँखों से नहीं दिखता, लेकिन दाने को विकृत कर देता है।
उपाय – फसल कटाई के बाद गहरी जुताई करें, धान की जगह अन्य फसल लगाएँ और स्पायरोमेसिफेन या एबामेक्टिन का छिड़काव करें।

